29/12/2020

स्वामीनाथन आयोग

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. खाद्यान की आपूर्ति को भरोसेमंद बनाने और किसानों की आर्थिक हालत को बेहतर करने के उद्देश्य से 2004 में केन्द्र सरकार ने एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन किया।
2. स्वामीनाथन आयोग ने दिसंबर 2004, अगस्त 2005, दिसंबर 2005 और अप्रैल 2006 में क्रमशः चार रिपोर्ट प्रस्तुत की।
3. राष्ट्रीय किसान आयोग ने 4 अक्टूबर, 2006 को अपनी पाँचवीं और अंतिम रिपोर्ट भी सरकार को सौंप दी थी।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 02
(C) केवल 3 (D) उपरोक्त सभी

(D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन को एक माह से अधिक हो गए हैं और अभी तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि किसानों की प्रमुख माँगों में बहुचर्चित स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाना भी शामिल है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- खाद्यान की आपूर्ति को भरोसेमंद बनाने और किसानों की आर्थिक हालत को बेहतर करने के उद्देश्य से 2004 में सरकार ने एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन किया।
- स्वामीनाथन आयोग ने दिसंबर 2004, अगस्त 2005, दिसंबर 2005 और अप्रैल 2006 में क्रमशः चार रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद राष्ट्रीय किसान आयोग ने 4 अक्टूबर 2006 को अपनी पाँचवीं और अंतिम रिपोर्ट भी सरकार को सौंप दी थी। इस रिपोर्ट में जो सिफारिशें की गयी हैं उन्हें अभी तक पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है।
- स्वामीनाथन आयोग को निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों पर विचार करने के लिए कहा गया था –
  1. सभी को सार्वभौमिक खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए एक ऐसी रणनीति बनाना जिससे देश में खाद्य और पोषण सुरक्षा को बढ़ाया जा सके।
  2. देश में कृषि की उत्पादकता, लाभप्रदता में वृद्धि करना।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

3. सभी किसानों के लिए ऋण की उपलब्धता बढ़ाना।
4. शुष्क और अर्द्धशुष्क क्षेत्रों, पहाड़ी और तटीय क्षेत्रों में किसानों के लिए विशेष कार्यक्रमों का सुझाव।
5. कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने और लागत को कम करने के उपाय सुझाना ताकि उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बनाया जा सके।
6. किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए उपाय सुझाना।

❖ स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के प्रमुख बिन्दू –

1. भूमि सुधार।
2. सिंचाई सुधार।
3. कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर जोर।
4. किसानों के लिए सस्ता कर्ज।
5. किसानों की आत्महत्या की रोकथाम।
6. जैव संसाधनों को विकसित करना।
7. वित्त और बीमा।
8. फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य : आयोग ने उत्पादन लागत से 1.5 गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की सिफारिशें की थी।
9. रोजगार आदि।

'झटपट प्रोसेसिंग' पहल

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'झटपट प्रोसेसिंग' पहल करदाताओं की सहज तरीके से कर रिटर्न दाखिल करने में सहायता प्रदान करेगी।
2. सामान्य परिस्थितियों में कर दाताओं को 31 जुलाई तक ITR दाखिल करना होता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 02
(C) 01 और 02 (D) कोई नहीं

(C) 01 और 02

भूमिका :– वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिये आयकर दाखिल करने की अंतिम तिथि को देखते हुए आयकर विभाग ने त्वरित ITR प्रसंस्करण के लिये 'झटपट प्रोसेसिंग' पहल की शुरूआत की है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- 'झटपट प्रोसेसिंग' पहल करदाताओं को सहज तरीके से कर रिटर्न दाखिल करने में सहायता प्रदान करेगी। ज्ञात हो कि सामान्य परिस्थितियों में करदाताओं को 31 जुलाई तक ITR दाखिल करना होता है।
- कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए सरकार ने मई माह में ITR दाखिल करने की समयसीमा 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी थी, जिसके बाद इसे 31 दिसंबर तक और बढ़ा दिया गया था।
- वहीं उन करदाताओं, जिनके खातों को ऑडिट किये जाने की आवश्यकता है, के लिये ITR दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2021 तय की गई है।
- आयकर विभाग की मानें तो 24 दिसंबर, 2020 तक वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये 3.97 करोड़ करदाताओं ने आयकर रिटर्न दाखिल कर दिया है।

तानसेन समारोह

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उद्घाटन समारोह के दौरान बहुर्चित संतूर वादक पंडित सतीश व्यास को प्रतिष्ठित तानसेन सम्मान से नवाजा गया।
2. यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है।
3. रामतनु मिश्रा को 'तानसेन' का शीर्षक ग्वालियर के राजा विक्रमजीत ने दिया था।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 3 (D) उपरोक्त सभी

(D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 26 दिसंबर, 2020 को पाँच दिवसीय बहुप्रतीष्ठित तानसेन समारोह के 96वें संस्करण का उद्घाटन किया गया है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- उद्घाटन समारोह के दौरान बहुचर्चित संतूर वादक पंडित सतीन व्यास को प्रतिष्ठित तानसेन सम्मान से नवाजा गया।
- प्रतिवर्ष दिसंबर माह में आयोजित किये जाने वाले इस समारोह के दौरान सुप्रसिद्ध संगीत सम्राट तानसेन को श्रद्धांजलि देने के लिये दुनिया भर के कलाकार और संगीत प्रेमी ग्वालियर पहुँचते हैं।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है।
- मियाँ तानसेन या रामतनु मिश्रा एक प्रमुख भारतीय संगीतकार, गायक और संगीत रचयिता थे, जिन्हें उनकी अद्भुत संगीत रचनाओं और संगीत कौशल के लिये जाना जाता है, साथ ही वे वाद्य संगीत रचनाओं के लिये भी काफी प्रसिद्ध हैं।
- रामतनु मिश्रा को 'तानसेन' का शीर्षक ग्वालियर के राजा विक्रमजीत ने दिया था।
- तानसेन, सम्राट अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक थे और अकबर ने ही उन्हें सम्मान के तौर पर 'मियाँ' की उपधि दी थी। उन्होंने भगवान गणेश, शिव, पार्वती और राम पर कई ध्रुपदों की रचना की।

KAUTILYA ACADEMY INDORE

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS